C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 102 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 28 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# सीता का कुंड महादेव में नवजात कांड : घटना स्थल पर नाना का इक़बाल, बोला बदनामी से बचना चाहता था, इसलिए दबाया मासूम को पत्थरों में



सीन रिक्रिएशन के दौरान घटना स्थल पर बच्चे को लाता आरोपी



आरोपी ने बताया पत्थरों के बीच इस तरीके से रखा गया नवजात



घटना स्थल पर आरोपीयों के साथ पुलिस



जंगल में घटना स्थल पर जानकारी लेती पुलिस

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

सीता कुंड महादेव मंदिर के पास 23 सितंबर को पत्थरों में दबा मिला नवजात शिशु प्रकरण अब पुलिस जांच में और भी भयावह बनकर सामने आया है। मौके की तस्दीक और रीक्रिएशन के दौरान आरोपी नाना ने पुलिस के सामने जो बयान दिया, उसने पूरे इलाके को हिला दिया। आरोपी ने साफ कहा कि उसने अपनी कुंवारी बेटी की इज्जत और समाज में बदनामी से बचने के लिए मासूम को पत्थरों में दबा दिया।

**घटनास्थल पर दोहराया गया खौफनाक मंजर**

मांडलगढ़ पुलिस टीम ने नवजात की मां और नाना दोनों को शनिवार को घटनास्थल पर लाकर वारदात का रीक्रिएशन कराया। आरोपी नाना ने कबूल किया कि वह शक्करगढ़ से बस द्वारा बेटी और नवजात को लेकर 23 सितंबर को सुबह 10 बजे सीता कुंड पहुंचा। मंदिर के पास सुनसान जगह देखकर उसने पहले मासूम के मुंह में फेवीक्विक डाली, फिर पत्थर रखा और होठों पर फेवीक्विक चिपका दिया । इसके बाद उसे पत्थरों के बीच में रख आस पास और उसके ऊपर पत्थर रख दिए। नाना ने यह भी स्वीकार किया कि उस वक्त उसकी बेटी नवजात की मां भी वहीं मौजूद थी। उसने दूरी से यह सब होते देखा लेकिन रोका नहीं। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बिजौलिया पहुंचे और वहां से तिलस्वा की धर्मशाला में रात बिताई।

**अवैध संबंधों से जन्मा बच्चा, छिपाई सच्चाई**

पुलिस के अनुसार आरोपी ने स्वीकार किया कि उसकी बेटी के अवैध संबंध उसके साले के बेटे से बने थे, जिससे यह बच्चा जन्मा। उन्हें बेटी के गर्भवती होने की जानकारी सात माह बाद लगी थी , जिसके बाद घर छोड़कर बदनामी से बचने के लिए बसोली थाना क्षेत्र के बंधा का खेड़ा गांव में नया ठिकाना बना लिया। 4 सितंबर को बूंदी में डिलीवरी कराई और कुछ दिन बाद ही मासूम को मारने की योजना बनाकर 23 सितंबर को वारदात को अंजाम दिया।

### बच्चे के साथ निर्दयता पर गंभीर धाराओं में हुआ मामला दर्ज

एएसआई रामलाल मीणा ने बताया कि मौके की तस्दीक और रीक्रिएशन में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। बच्चों के साथ की गई इस निर्दयता पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और दोनों को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि समय रहते ग्रामीण सतर्क नही होते तो घटना मासूम की मौत पर ही खत्म हो जाती। फिलहाल मासूम भीलवाड़ा जिला अस्पताल में उपचाररत है ।



एएसआई रामलाल

### कानूनी पहलू : हत्या के प्रयास तक का प्रावधान

अभिभाषक परिषद बिजौलिया के अध्यक्ष सुमित जोशी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 93 के अनुसार 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे को माता-पिता या सरंक्षक द्वारा असुरक्षित स्थान पर छोड़ने पर 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है। वहीं बच्चे को मारने का प्रयास किया जाए या बच्चा मर जाए तो यह मामला सीधे हत्या के प्रयास के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में की गई निर्दयता को देखते हुए धारा 109 BNS भी जोड़ी जानी चाहिए।



सुमित जोशी , अभिभाषक परिषद अध्यक्ष , बिजोलिया

# गहलोत का केंद्र पर तीखा वार : हिंसा बढ़ रही, सरकार नाकाम

## मणिपुर से लेकर लद्दाख तक हालात बिगड़े, केंद्र पर मिसहैंडलिंग का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को उदयपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देशभर में हिंसा का माहौल बढ़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार समय रहते कदम नहीं उठा रही। मणिपुर में ढाई साल से खून-खराबा हो रहा है और अब लद्दाख में भी हालात बिगड़ रहे हैं। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने वाले सोनम वांगचुक को अचानक जेल भेज देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार पूरी तरह मामलों को मिसहैंडल कर रही है।

### लद्दाख से सीधे जोधपुर जेल, जैसे कोई आतंकी हो

गहलोत ने सवाल उठाया कि सोनम वांगचुक जैसे सामाजिक कार्यकर्ता को लद्दाख से सीधे जोधपुर जेल भेजना किस तर्क से किया गया। ये कोई आतंकी नहीं हैं, बल्कि लंबे समय से जनता की आवाज उठा रहे हैं। केंद्र का यह कदम लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।

### जेल व्यवस्था पर उठाए सवाल

गहलोत ने कहा कि जेलों के भीतर सुरक्षा व्यवस्था नदारद है। सीसीटीवी मॉनिटरिंग के बावजूद मोबाइल फोन




पहुंच रहे हैं, गैंगस्टर वहीं से ऑपरेट कर रहे हैं। गृह मंत्रालय को जवाब देना चाहिए कि ऐसी स्थिति क्यों है।

### मेवाराम की वापसी पर बोले , निर्णय सभी की राय से लिया गया

मेवाराम जैन को कांग्रेस में पुनः शामिल करने पर गहलोत ने कहा का यह निर्णय प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की सिफारिशों और सभी की राय से लिया गया है। साथ ही कार्यकर्ताओं को संदेश दिया देश को कांग्रेस और उसकी विचारधारा की जरूरत है। सभी धर्म, जाति और वर्गों को साथ लेकर चलना ही कांग्रेस की पहचान है। मतभेद भुलाकर एकजुट होना ही कांग्रेस को मजबूत करेगा।

# शाहपुरा में ब्याज माफिया पर बड़ी कार्रवाई, 45 करोड़ की बेनामी संपत्तियां उजागर, आरोपी फरार





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

नगर में भाजपा नेता और ब्याज कारोबार करने वाले दिलीप गुर्जर के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में गुर्जर की करीब 45 करोड़ रुपए की बेनामी संपत्तियां उजागर हुई हैं। पुलिस के डर से आरोपी फरार हो गया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के निर्देश पर की गई।

डीएसपी ओम प्रकाश बिश्नोई ने बताया कि अगस्त और सितंबर माह में गुर्जर के खिलाफ कई शिकायतें मिली थीं। इनमें ब्याज पर पैसे लेने के दौरान खाली स्टांप और चेक पर हस्ताक्षर करवाने, मूलधन व ब्याज चुकाने के बाद लोगों की जमीन, घर या प्लॉट कब्जाने के आरोप शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया कि गुर्जर के पास बैंकिंग लाइसेंस, जीएसटी रजिस्ट्रेशन और आयकर रिटर्न नहीं हैं। इसके बावजूद नगर पालिका क्षेत्र में उसके पास करीब 35 मकान और प्लॉट, कई मल्टी स्टोरी इमारतें और लगभग 300 बीघा कृषि भूमि हैं। पुलिस का कहना है कि उसके परिवार या निकट संबंधियों द्वारा भी इन संपत्तियों पर कोई वैध रिटर्न दाखिल नहीं किया गया। डीएसपी बिश्नोई ने बताया कि नए नियमों के तहत यदि कोई व्यक्ति आपराधिक तरीके से संपत्ति अर्जित करता है, तो जिला पुलिस अधीक्षक की अनुमति के बाद कोर्ट में इस्तगासा पेश किया जाता है और मामले के सत्य पाए जाने पर संपत्तियां कुर्क की जा सकती हैं।

विश्नोई ने बताया कि अगस्त में दर्ज प्रकरण में गुर्जर ने हाई कोर्ट से स्टे ले लिया था, जबकि सितंबर में दर्ज मामले में भी पर्याप्त सबूत मिलने पर वह भूमिगत हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है और नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे उनके अनधिकृत निर्माण की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

# 32 लाख का डोडा चूरा बरामद, जंगल में कार छोड़कर फरार हुआ तस्कर

**भीलवाड़ा फोकस @ रायपुर**

थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 क्विंटल 15.350 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 32 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है। थानाधिकारी अर्जुनलाल गुर्जर ने



बताया की शनिवार सुबह पुलिस टीम गश्त के दौरान बोराणा जगदीश -उमरी रोड पर पहुंची तो सामने से आ रही एक सफेद कार ने पुलिस को देखकर अचानक तेज रफ्तार में मोड़ ली और गुर्जरों का खेड़ा की ओर भाग निकली। पुलिस ने पीछा किया तो चालक कार को चतरावण माताजी मंदिर के पीछे जंगल की ओर ले गया और वाहन छोड़कर फरार हो गया।

तलाशी लेने पर कार से 11 कट्टों में भरा डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ और कार को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# कीटनाशक का छिड़काव करते समय अचेत हुए किसान की मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

चावल की फसल में कीटनाशक का छिड़काव करते समय अचेत हुए युवक की उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई।

हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह ने बताया कि आड़ाखाल शंभूपुरा निवासी शंकरलाल (34) पुत्र पांचूलाल भील शुक्रवार को खेत में चावल की फसल में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था। इस दौरान वह अचानक नीचे गिर गया। परिजन उसे अचेत अवस्था में उप जिला चिकित्सालय बिजौलिया लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर हालत में उसे भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया था। शनिवार को उपचार के दौरान शंकरलाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गया है।

# रलायता गांव में भूखण्ड के कब्जे को लेकर विवाद, 4 गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**



माण्डलगढ़ के रलायता गांव में एक भूखण्ड के कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद और झगड़ा हो गया। इस मामले में बीगोद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और दो-दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ शांतिभंग व राजकार्य में बाधा के मामले दर्ज किए।

पड़ोसियों और पीड़ित पक्ष के अनुसार, विवादित भूखण्ड पर 2021 से सिविल कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मृतक श्रीराम जाट के वारिस उदयलाल और सांवरलाल जाट का कब्जा है। पीड़ितों का आरोप है कि राजनीतिक प्रभाव के चलते 26 सितंबर को पुलिस ने भारी जाप्ता भेजकर अवैध कब्जा दिलाने का प्रयास किया, जबकि न्यायालय में सभी मामले विचाराधीन हैं।

बीगोद थानाधिकारी जय सुल्तान ने बताया कि मौके पर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। सांवरलाल के परिवार ने पुलिस कार्रवाई में बाधा डाली, जिस पर राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तारियां की गई। पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

## 11 साल से फरार 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

# आईसीआईसीआई बैंक में नकली आभूषण गिरवी रखकर लिया था 5.10 लाख का लोन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

आईसीआईसीआई बैंक में नकली आभूषण गिरवी रखकर 5 लाख 10 हजार रुपए का लोन लेने के मामले में पुलिस ने शनिवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए 11 साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया ने बताया कि बैंक से नकली गहनों पर लोन लेने के मामले में सुरेश प्रजापति (34) पुत्र हरिप्रसाद प्रजापति निवासी आजादनगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2014 में बैंक से लोन लिया था।

# शक्करगढ़ में संत अमरावजी महाराज का प्रथम निर्वाण महोत्सव 25 नवम्बर से

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



श्री संकट मोचन आदर्श गोशाला एवं श्री संकटहरण हनुमद्धाम, शक्करगढ़ के सत्प्रेरक परमहंस संत अनंतश्री स्वामी अमरावजी महाराज का प्रथम वार्षिक निर्वाण महोत्सव 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक भव्य रूप से आयोजित होगा। महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी महाराज के सान्निध्य में होने वाले इस महोत्सव में श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ, कवि सम्मेलन, विशाल भजन संध्या सहित विविध धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 3 दिसम्बर को नवनिर्मित समाधि मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुदेव की दिव्य मूर्ति की स्थापना की जाएगी। आश्रम के ब्रह्मचारी आचार्य हंस चैतन्य ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर से संत-महात्मा व श्रद्धालु भाग लेंगे। श्रद्धालुओं के आवास, भोजन व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आश्रम ट्रस्ट ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में ट्रस्टी सुरेश चंद्र रुइया, संजय निमोदिया, दिनेश तोषनीवाल, पूरण कुमार कारिहा, शिवरतन मूंदड़ा, कन्हैया लाल यादव, सुरेंद्र जोशी, प्रताप चंद्र शर्मा, नाथूलाल पंचोली, भंवर लाल झवर, रमेश सोमानी, भगवान मंडोवरा, दीपक टाक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 5 हजार का इनामी वांछित आरोपी गिरफ्तार

# 1 साल से फरार चल रहा था देवीलाल, धोखाधड़ी के मामले में था वांछित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रतापनगर थाना पुलिस ने शनिवार को 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले एक साल से फरार चल रहा था।

थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया ने बताया की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने देवीलाल बैरवा (34) पुत्र भगुता लाल लक्ष्मीपुरा मांडल को हिरासत में लिया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज था, आरोपी बीते एक साल से फरार था और गिरफ्तारी से बच रहा था।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर अग्रिम जांच शुरु की है।

# 69वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता: भीलवाड़ा बना मेजबान

## प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित बनाने पर फोकस, जिले की छवि संवारने का लक्ष्य

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय 14 वर्ष छात्र-छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक रामेश्वर कुमार बाल्दी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

बैठक में आवास, मैदान, कंट्रोल रूम, मेडिकल व प्रसाधन सुविधा, बालिका सुरक्षा और खेल प्रमाण पत्र समिति समेत सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अतिरिक्त बीईईओ विजयपाल सिंह ने विवाद निस्तारण के लिए निष्पादन समिति बनाने पर जोर दिया। मुख्य संयोजक कैलाश चंद्र खटीक ने शारीरिक शिक्षकों को मैदान निर्माण और संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में दिनेश सोमानी, राजेंद्र काबरा, दुर्गेश जोशी, शिवराम खटीक और प्राचार्य लोकेंद्र सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।



# 5 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

डीएसटी टीम और थाना पुलिस ने शनिवार को 5 हजार रुपये के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया। आरोपी अफीम, डोडा और चुरा की अवैध बिक्री में शामिल था और लंबे समय से फरार था।

थानाधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया की पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी गोपाल लाल वैष्णव पिता सुवादास वैष्णव, निवासी जोजवा, बीगोद को उसके घर के चारों ओर घेरा डालकर पकड़ा और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण नहीं होने से राजपूत समाज ने किया प्रदर्शन, अब 2 अक्टूबर को सर्व समाज करेगा अनावरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





पांसल चौराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अब तक अनावरण नहीं होने से राजपूत समाज सहित सर्व समाज में नाराजगी गहराती जा रही है। शनिवार को समाजजनों ने प्रतिमा स्थल पर विरोध दर्ज कराते हुए प्रतिमा को भगवा वस्त्र से ढक दिया और चेतावनी दी कि अब देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### डेढ़ साल से अनावरण की प्रतीक्षा

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीते वर्ष 30 मई को प्रतिमा की स्थापना हुई थी, लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी इसका अनावरण नहीं हो पाया। इस लापरवाही ने लोगों की भावनाओं को आहत किया है। समाजजनों का कहना है कि महाराणा प्रताप 36 कोम के प्रतीक हैं और प्रतिमा का शीघ्र अनावरण होना चाहिए।

### अब समाज करेगा अनावरण

प्रदर्शन के दौरान विश्व बंधु सिंह राठौड़ ने साफ कहा कि अब किसी नेता या जनप्रतिनिधि का इंतजार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि सांसद, विधायक या अन्य राजनेता शामिल होना चाहते हैं तो उनका स्वागत है, लेकिन प्रतिमा का अनावरण समाज स्वयं करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई बड़े अतिथि को बुलाना चाहते हैं तो इसकी जानकारी 30 सितम्बर तक समाज को दी जाए।

### 2 अक्टूबर को अंतिम चेतावनी

राठौड़ ने बताया कि पहले ही समाज की ओर से 9 दिन का अल्टीमेटम दिया जा चुका है। यदि समय पर पहल नहीं की गई तो 2 अक्टूबर को सर्व समाज की ओर से महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में गरबा महोत्सव नवरंग का हुआ आयोजन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में पारंपरिक गरबा महोत्सव नवरंग बड़े उत्साह के साथ आयोजित हुआ। माँ आदिशक्ति को समर्पित इस महोत्सव में 200 से अधिक छात्राओं ने भक्ति और उमंग से भरपूर प्रस्तुतियाँ दीं।

महोत्सव का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कैलाशचंद्र गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन और माता दुर्गा की आराधना के साथ हुआ।

छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में एकल और युगल गरबा नृत्य प्रस्तुत किए। एकल प्रतियोगिता में हिमांशी वैष्णव प्रथम और युगल प्रतियोगिता में तनिशा शर्मा व दिशा कामड़ प्रथम स्थान प्राप्त किए।

श्रेष्ठ वेशभूषा में इशिका जैन को पहला स्थान मिला। महोत्सव का संचालन डॉ. ज्योति सचान और डॉ. रंजीता गर्ग ने किया।



QUICK BITES

## आमेसर विद्यालय के दो छात्रों का राज्य स्तर पर चयन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेसर के दो छात्रों का राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। शारीरिक शिक्षक एवं टीम कोच राजेश ओझा ने बताया कि खटवाड़ा में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में आमेसर विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र आशीष शर्मा और कक्षा 11 के छात्र सूर्य देव सिंह राठौड़ का 19 वर्ष छात्र वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। चयनित छात्र अब मंगलपुरा, झालावाड़ में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय परिवार और ग्राम वासियों ने दोनों खिलाड़ियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

## जीएसटी बचत उत्सव के तहत कार्यकर्ताओं और व्यापारियों से संवाद

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवाड़ी** । कस्बे के मुख्य बाजार में शनिवार को विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों के साथ जीएसटी बचत उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाजार में पदयात्रा कर दुकानदारों से भेंट की और उन्हें गर्व से कहो यह स्वदेशी है का संदेश दिया।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है बल्कि स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों को भी प्रोत्साहन देता है। व्यापारियों ने भी पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

इस अवसर पर मांडलगढ़ विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, शांतिलाल जोशी, मिठूलाल तेली, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील जोशी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# फैमिली गरबा डांडिया रास का हुआ समापन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्री महेश बचत एवं साख समिति द्वारा आयोजित फैमिली गरबा डांडिया रास का समापन शनिवार को हुआ। तीन दिनों तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन दिवस पर लाइव म्यूज़िक, गुजराती गरबा गीत और माता रानी के भजनों ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। संयोजक शांतिलाल डाड, अध्यक्ष संदीप लड्डा और मंत्री नारायण लाहोटी ने कहा कि तीन दिनों में रामपाल सोनी, राजकुमार कालिया, कैलाश कोठारी, केदार गगरानी सहित कई अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उषा कचोलिया और अमिता मूंदड़ा के नेतृत्व में आयोजन की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

# उमाजी का खेड़ा ग्रामीण सेवा शिविर: समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान, प्रशासन ने दिखाई सक्रियता





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**नरेश धाकड़** । ग्रामवासियों के विकास और समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर उपखंड क्षेत्र उमाजी का खेड़ा में शनिवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ग्रामीणों की कई समस्याओं का हाथो हाथ समाधान हुआ । शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की परेशानियों को मौके पर ही सुचारु और पारदर्शी तरीके से निपटाया गया, जिससे प्रशासन की तत्परता और सक्रियता सामने आई। शिविर के दौरान ग्राम पुरोहितों का खेड़ा की भूमि के बंटवारे हेतु अलोल बाई पत्नी प्यारचंद, सुरेश पुत्र प्यारचंद, सुशीला पुत्री प्यारचंद, राजेन्द्र, इन्द्र, नरेन्द्र पुत्र प्यारचंद ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में तहसीलदार ललित डीडवानिया ने मौके पर दस्तावेजों की जांच कर दोनों पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर त्वरित आदेश पारित किया।

इसी दौरान सुनिता कराड पत्नी रामस्वरूप कराड, निवासी उद्पुरिया, ने पुश्तैनी मकान पट्टे की मांग की। तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी ने नियमानुसार पट्टा वितरित किया।

# सेवा पर्व पखवाड़ा: बिजौलिया में भाजपा ने आयोजित किया विशाल रक्तदान शिविर, 264 यूनिट रक्तदान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए भाजपा बिजौलिया मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 264 यूनिट रक्तदान कर सेवा पर्व को सार्थक बनाया।

शिविर का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने किया। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के प्रतिनिधित्व में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ योगदान दिया। शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल व रामसनेही अस्पताल की नर्सिंग टीम ने रक्त एकत्रित किया।

कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, और शिविर में जुटी ऊर्जा यह साबित करती है कि भाजपा कार्यकर्ता समाज सेवा को सर्वोपरि मानते हैं।

मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मंडल ने 264 यूनिट रक्तदान कर गौरव बढ़ाया है। आने वाले समय में भी इस तरह की सेवा गतिविधियां लगातार आयोजित की जाएंगी। शिविर में पूर्व विधायक बद्री गुरुजी, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नगरपालिका चेयरमैन संजय डांगी, मांडलगढ़ नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम अहीर, महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा , सुनील जोशी , बिट्ठल तिवाड़ी, सुमित जोशी , धर्मराज खटिक सहित कई जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर का विधायक खण्डेलवाल ने किया अवलोकन, ग्रामीणों को योजनाओं का मिला लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण




**दिनेश पारीक** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पर्व पखवाड़े के तहत शनिवार को कोटड़ी उपखंड की जावाल ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुआ। शिविर का अवलोकन मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया। उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद कर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में राजस्व विभाग से जुड़े नामांतरकरण, फॉर्मर रजिस्ट्रेशन, किसान गिरदावरी एप, खाता दुरुस्ती सहित कई कार्य निस्तारित किए गए। खातेदार नारायण पुत्र जीतमल खारोल जगपुरा व लटवरलाल पुत्र रणजीत रेबारी जगपुरा ने नाम शुद्धि के लिए आवेदन किया, जिस पर तहसीलदार ने मौके पर ही सुधार कर राहत प्रदान की। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, प्रधान करणसिंह बैलवा, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, सुरेश पाराशर, धर्मचंद जीनगर, सोहन गुर्जर, पंचायत प्रशासक अंबेश चौधरी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सावर में राजीविका मिशन मेला: विधायक गौत्तम ने महिलाओं को किया आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश)। उपखंड मुख्यालय में राजीविका मिशन का वार्षिक मेला आयोजित हुआ । विधायक शत्रुघन गौत्तम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मिशन को ऐतिहासिक कदम बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से ग्रामीण महिलाएं रोजगार से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं।

गौत्तम ने नसीराबाद केकड़ी,सावर, देवली मार्ग को फोरलेन बनाने, हर पंचायत मुख्यालय तक रोडवेज बसें चलाने और नए पंपिंग स्टेशनों से पानी की समस्या दूर करने की योजनाओं का भी जिक्र किया। गौतम ने पूर्व विधायक रघु शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले साल किसानों को 75 करोड़ का मुआवजा दिया गया, जबकि रघु शर्मा केवल बयानबाजी कर रहे हैं। कार्यक्रम में राजीविका की उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया और लखपति दीदी योजना के तहत 170 महिलाओं को 1.70 करोड़ का लोन, बैंक ऑफ बड़ौदा से 48 लाख और उद्यमिता कार्यक्रम के तहत 73 लाख का ऋण स्वीकृत होने की जानकारी दी गई। समारोह में भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह शक्तावत, रायचंद बागड़ी, मनजीत सिंह शक्तावत, मनोज कहार, डीआरपी हेड नितेश सुथार, बीपीएम प्रह्लाद मीणा, सीएम पूजा राठौड़ सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।



# महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट और अश्लील हरकत का लगाया आरोप, एसपी से न्याय की गुहार

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा

जिले के शक्करगढ़ थाना क्षेत्र के बाकरा गांव की एक महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट, अश्लील हरकत और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि थाना पुलिस को रिपोर्ट देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसने जिला पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 26 सितंबर की सुबह करीब 7:30 बजे कचरा डालकर लौटते समय गोपाल प्रजापत, गणेश प्रजापत, मनीष कुमार प्रजापत, फोरी देवी, मंजू कुमारी और बंटी कुमारी ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि मंजू ने लकड़ी से प्रहार कर उसे गिरा दिया और बाकी आरोपियों ने लाठियों-डंडों से मारपीट की। महिला के हाथ, आंख और सिर पर चोटें आईं। शिकायत में बताया गया कि गणेश प्रजापत ने उसके कपड़े फाड़ दिए , जिससे उसकी लज्जा भंग हुई। साथ ही आरोपियों ने मोबाइल भी छीन लिया। मोहल्लेवासियों के हस्तक्षेप से पीड़िता की जान बच सकी। महिला का आरोप है कि थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की और मेडिकल जांच तक नहीं कराई। लगातार मिल रही धमकियों से वह भयभीत हैं। एसपी के हस्तक्षेप के बाद अब पुलिस मेडिकल जांच कराने की तैयारी कर रही है। इधर मामले को लेकर शक्करगढ़ पुलिस का कहना है की घटना के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया था, घटना के दिन थाने में आने के दौरान दोनों फिर से लड़ाई झगड़ा करने लगे । जिसपर दोनों पक्षों को पाबंद किया गया । पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है ।

# नगर पालिका का बड़ा ऐलान: पंचायत के सभी पट्टे अब अनिवार्य रूप से होंगे परिवर्तित

## भीलवाड़ा फोकस के विशेष इंटरव्यू में बोले ईओ पंकज कुमार मंगल - भूमाफिया और दलालों का खेल अब खत्म होगा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

ग्राम पंचायत से क्रमोन्नत होकर बिजौलिया के नगर पालिका बनने के बाद पहली बार अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने भीलवाड़ा फोकस से विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नगर की कार्यप्रणाली, पट्टा प्रक्रिया और आगामी विकास योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। मंगल ने साफ कहा कि पंचायत द्वारा पूर्व में जारी सभी बापी पट्टा, रियायती, निःशुल्क और शुल्क पट्टों को नगर पालिका रिकॉर्ड में दर्ज कराना अब अनिवार्य है। अन्यथा भविष्य में बैंक, बिजली, पानी कनेक्शन और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो सकती है।

**पट्टा परिवर्तन की प्रक्रिया और खर्च**

ईओ ने बताया कि नगर पालिका में पट्टा परिवर्तन की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी रखी गई है। निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने पर 7 से 15 दिन के भीतर नया पट्टा जारी कर दिया जाएगा।

**जनता से अपील - मध्यस्थों से बचें, सीधे पालिका पहुंचे**

मंगल ने स्पष्ट किया कि पालिका कार्यालय में काम करवाने के लिए किसी बिचौलिये की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा नागरिक किसी भी तरह के बहकावे में न आएं और सीधे पालिका कार्यालय में आकर अपना कार्य कराएं।

**नगरीय निकाय बनाम पंचायती राज - बड़ा अंतर**

विशेष चर्चा में ईओ ने बताया कि नगरीय निकाय की प्रणाली पूरी तरह नियमबद्ध और रिकॉर्ड आधारित है, जबकि पंचायत काल में दलालों और भूमाफियाओं का दखल ज्यादा था। अब पालिका व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों होंगी।

**भूमाफिया और दलालों पर बड़ा खुलासा**

ईओ मंगल ने खुलासा किया कि पंचायत काल में कुछ दलालों ने सिस्टम को हाइजैक कर लिया था। उन्होंने बताया कई भूमाफिया 30, 40 से लेकर 200 तक पट्टे कब्जे में रखकर बेच रहे हैं, जबकि उन पर साफ लिखा है - Not for Sale/ विक्रय योग्य नहीं। यह धोखाधड़ी है और ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई होगी। मंगल ने कहा ऐसी सम्पत्ति जो पूर्व में पंचायत के अधीन थी , वो अब पालिका के स्वामित्व में आ गई है , यदि उसका नियम विरुद्ध उपयोग उपभोग किया जाएगा तो कार्रवाई करेंगे । उन्होंने जनता को भी आगाह किया कि विक्रय योग्य नहीं पट्टे जिन्हें बेचा जाना वैध नहीं उसमे किसी भी तरह शामिल ना हो । अवैध पट्टे बेचने वाले के साथ खरीदने वाले खरीददार पर मुकदमा दर्ज होगा।

**नगर विकास की दिशा , पटाखा बाजार खेल मैदान पर**

ईओ मंगल ने नगर की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और सड़क सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। दीपावली पर पटाखा बाजार को लेकर उन्होंने कहा कि इस बार तेजाजी चौक पर अनुमति नहीं दी जाएगी, बल्कि छोटे खेल मैदान पर लॉटरी सिस्टम से दुकानें आवंटित होंगी। रोजगार सृजन और युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी पालिका प्रयासरत है।

**मंगल का चर्चा में अंतिम संदेश अवैध पट्टों का खेल बंद होगा**

मंगल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब अवैध पट्टों का खेल बंद होगा। दलाल और भूमाफिया जनता को गुमराह नहीं कर पाएंगे। नगर में पारदर्शिता और तेजी से विकास किया जाएगा ।



# एक शाम भेरू नाथ के नाम: भजन संध्या में भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर लिया आनंद

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला

(बद्री लाल माली)। गुरला में आयोजित भेरू नाथ के नाम भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की वंदना से हुई, जिसके बाद भजन गायक दिनेश लसाडिया और राधे श्याम गुर्जर सोपुरा, देवी पुरी गोस्वामी सोपुरा, तथा राजु पुरी गोस्वामी सोपुरा ने एक से बढ़कर एक भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी।

श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम और चाले सखी सत्संग में चाला सत्संग में वटे गुरु आशी÷ जैसे भजनों पर श्रोता भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा पंडाल भक्ति रस से सराबोर हो गया। भक्तजन तालियों की गड़गड़ाहट और जयकारों से वातावरण को गुंजायमान करते रहे।

इस अवसर पर महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भी भजन गायक दल के साथ मिलकर भक्ति गीत गाए और भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम का समापन महावीर म्युजिकल ग्रुप की भक्ति मय प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने सभी के मन को शांति और आनंद से भर दिया।



## QUICK BITES

# मांडलगढ़ विधायक खंडेलवाल ने गेंहूली में वाचनालय का किया शिलान्यास

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण



**दिनेश पारीक ।** मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने शनिवार को गेंहूली गांव में तेजाजी स्थान पर 10 लाख की लागत से बनने वाले सार्वजनिक वाचनालय का शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने माल्यार्पण व साफा पहनाकर विधायक का स्वागत किया।

कार्यक्रम में विधायक ने क्षेत्र के विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने की बात कहीं और विद्यालय में 20 लाख से तीन कक्ष बनाने की घोषणा की। ग्रामवासियों की स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग पर भी खंडेलवाल ने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव आगामी बजट में शामिल किया जाएगा।

इसी दौरान कोटड़ी-ककरोलिया घाटी सड़क कार्य शीघ्र शुरू करने और अगले बजट में कोटड़ी-काछोला एमडीआर सड़क प्रस्ताव शामिल करने की बात कही गई । कार्यक्रम में उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, प्रधान करणसिंह बैलवा, संयोजक अनिल पारीक, मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, उप प्रधान कैलाश सुथार सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामस्नेही वाटिका में गरबा महोत्सव का शानदार समापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



संस्कार जैन युथ सेवा संस्थान द्वारा रामस्नेही वाटिका में आयोजित तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन शनिवार को धूमधाम से हुआ। महिलाएं, युवतियां और परिवारजन पारंपरिक परिधानों में डांडिया की ताल पर देर रात तक झूमते रहे।

अध्यक्ष सुनील दक और मंत्री देवेंद्र डूंगरवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी लाल गांधी, राजेश नाहर, मिठालाल गन्ना सहित कई समाजजन मौजूद रहे। दिनेश पितलिया, सुनील लोसर, धर्मेश गांधी समेत कई समाजसेवियों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

# मुनि अनुपम सागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश आज

## श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित होंगे अभिषेक, शांतिधारा और भक्तामर विधान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

स्वाध्याय भवन स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को मुनि अनुपम सागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश होगा।

रविवार को सुबह 6:30 बजे मुनि महाराज आमलियों की बारी से विहार कर स्वाध्याय भवन में पहुंचेंगे। उनके सानिध्य में अभिषेक और शांतिधारा के बाद मुनिश्री का मंगल प्रवचन होगा। इसके बाद आहार चर्या आयोजित की जाएगी। सचिव प्रदीप चौधरी ने बताया कि दोपहर 1 बजे भक्तामर विधान मुनि ससंघ के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।

अध्यक्ष जयकुमार टोंगिया ने बताया कि 29 सितंबर प्रातः 6:30 बजे मुनि महाराज आमलियों की बारी से श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, भोपालगंज पहुंचेंगे। वहां अभिषेक, शांतिधारा, मंगल प्रवचन और दोपहर 12:25 बजे भक्तामर विधान आयोजित किया जाएगा, जिसका संचालन विधानाचार्य संजय कासलीवाल करेंगे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।